दिनांक 18.09.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का नारा लगाते हुए महिलाओं ने निकाली रैली

भिलाईनगर/ प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग मुक्त शहर बनाने के अभियान में आज महिलाओं ने हिस्सा लिया। भिलाई निगम क्षेत्र की महिलाएं प्लास्टिक छोड़ने का नारा लगाते हुए निगम मुख्य कार्यालय से रैली निकालकर आकाशगंगा में आम जन को प्रतिबंधित प्लास्टिक छोड़ने का आव्हान किए। बैनर पोस्टर के साथ निगम मुख्यालय से निकली महिलाओं की रैली को उपायुक्त टी.पी. लहरे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं इसी तारतम्य में निगम आयुक्त के निर्देश पर समस्त जोन क्षेत्रों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग बैन के प्रति जन जागरूकता लाने का कार्य किया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र को प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा प्रचार प्रसार करने के साथ ही आम नागरिकों को इस अभियान से जोड़ा रहा है। “जन जन ने ठाना प्लास्टिक मुक्त शहर बनाना है “ जैसे नारो के साथ भिलाई निगम क्षेत्र की विभिन्न स्व-सहायता समूहों की महिलाएं मुख्य सड़क तथा प्रमुख बाजारों में लोगों को जागरुक करने रैली निकाली।

जनसम्पर्क अधिकारी